## परिजनों ने की दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग, चौरई थाना क्षेत्र का मामला

# ससुराल की प्रताड़ना से गई सरिता की जान!

## शव लेकर थाने पहुंचे परिजन, सैकड़ों ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चौरई

चौरई। चौरई थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया। ग्राम केरिया निवासी सरिता की नागपुर के निरामया अस्पताल में उपचार के दौरान मौत होने के बाद परिजन उसका शव लेकर सीधे चौरई थाने पहुंच गए। उनके साथ गांव और आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे 100 से 200 से अधिक ग्रामीणों ने भी थाने के बाहर एकत्र होकर ससुराल पक्ष के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। घंटों तक चले इस घटनाक्रम के दौरान थाने के बाहर तनावपूर्ण माहौल बना रहा। परिजनों ने आरोप लगाया कि सरिता की मौत कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही ससुराल की मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का परिणाम है।

जानकारी के अनुसार सरिता का विवाह कुछ वर्ष पूर्व हुआ था। परिजनों का कहना है कि शादी के शुरुआती दिनों से ही उसे ससुराल में प्रताड़ित किया जाने लगा था। आरोप है कि छोटी-छोटी बातों को लेकर उसे अपमानित किया जाता था, मानसिक रूप से परेशान किया जाता था और कई बार शारीरिक रूप से भी प्रताड़ित किया गया। परिवार का आरोप है कि सरिता ने कई बार अपने मायके वालों को अपनी पीड़ा बताई थी, लेकिन हर बार सामाजिक रिश्तों को बचाने की उम्मीद में उसे समझाकर वापस भेज दिया गया। परिजनों का कहना है कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रताड़ना एक दिन उसकी जान ले लेगी।

बताया जा रहा है कि लगातार तनाव और प्रताड़ना से परेशान होकर सरिता ने कथित रूप से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर पहले स्थानीय स्तर पर उपचार कराया गया, लेकिन स्थिति गंभीर होने पर उसे नागपुर के निरामया अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों ने कई घंटे तक उसका इलाज किया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद 20 और 21 जुलाई की दरमियानी रात उसकी मौत हो गई। जैसे ही मौत की सूचना परिजनों तक पहुंची, पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

अस्पताल से शव मिलने के बाद परिजन सीधे चौरई थाना पहुंचे। उनके साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। थाने के बाहर महिलाओं और पुरुषों ने न्याय की मांग को लेकर आवाज बुलंद की। ग्रामीणों का कहना था कि यदि समय रहते प्रताड़ना की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाता तो शायद आज सरिता जीवित होती। लोगों ने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष के कई सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सास विजनवती, ससुर रामकृष्ण, जेठ वीरपाल, जेठानी पूनम तथा देवर गजानन पति बीरबल को प्रताड़ना के लिए जिम्मेदार ठहराया है। परिजनों का कहना है कि परिवार के सभी सदस्य मिलकर सरिता को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान करते थे। उनका आरोप है कि आए दिन उसे अपमानित किया जाता था, जिससे वह गहरे तनाव और अवसाद में रहने लगी थी। इसी कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठाया।

परिजनों ने पुलिस को दिए गए आवेदन में मांग की है कि मामले को केवल आत्महत्या मानकर सीमित न किया जाए, बल्कि यह जांच की जाए कि आखिर किन परिस्थितियों ने सरिता को इतना बड़ा कदम उठाने पर मजबूर किया। उनका कहना है कि यदि प्रताड़ना के पर्याप्त साक्ष्य सामने आते हैं तो संबंधित सभी आरोपियों पर कठोर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाए। परिवार का कहना है कि जब तक दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच कई पहलुओं से की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, अस्पताल के उपचार संबंधी दस्तावेज, चिकित्सकीय अभिलेख, परिजनों के बयान तथा अन्य उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण किया जाएगा। यदि जांच में प्रताड़ना या किसी प्रकार की आपराधिक भूमिका सामने आती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों का परीक्षण किए जाने की बात कही है।





### निष्पक्ष जांच होती है तो ऐसी घटनाओं पर लगेगा अंकुश




थाने के बाहर मौजूद ग्रामीणों ने भी एक स्वर में कहा कि महिलाओं के साथ होने वाली घरेलू प्रताड़ना के मामलों में प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करनी चाहिए। लोगों का कहना था कि समाज में आज भी कई महिलाएं पारिवारिक प्रताड़ना सहने को मजबूर हैं, लेकिन सामाजिक दबाव और परिवार टूटने के डर से खुलकर शिकायत नहीं कर पातीं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि इस मामले में निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई होती है तो इससे समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। स्थिति को देखते हुए चौरई पुलिस ने अतिरिक्त सतर्कता बरती। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। पुलिस ने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है तथा मामले से जुड़े अन्य लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

### परिवार का कहना - न्याय मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष

इस घटना ने एक बार फिर घरेलू हिंसा और वैवाहिक प्रताड़ना जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। महिलाओं के अधिकारों पर काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि ऐसे मामलों में समय रहते शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई होना बेहद आवश्यक है। कई बार लगातार मानसिक प्रताड़ना भी व्यक्ति को ऐसे कदम उठाने के लिए मजबूर कर देती है। इसलिए प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच और समय पर हस्तक्षेप अत्यंत आवश्यक है। फिलहाल सरिता की मौत से उसके मायके में मातम पसरा हुआ है। परिजन न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखने की बात कह रहे हैं। वहीं चौरई क्षेत्र के लोगों की नजर अब पुलिस जांच पर टिकी हुई है। सभी की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर यदि प्रताड़ना के आरोप प्रमाणित होते हैं तो दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि सरिता की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों को कानून के दायरे में लाया जा सके। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जांच में कौन-कौन से तथ्य सामने आते हैं और पुलिस इस संवेदनशील मामले में आगे क्या कार्रवाई करती है।

## एल्डरमैन मनोनीत पार्षदों का नगर पालिका में हुआ स्वागत



**जुन्नारदेव।** नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव में मध्य प्रदेश शासन द्वारा एल्डरमैन मनोनीत किए गए पार्षदों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर छह एल्डरमैन मनोनीत पार्षदों अनुरोध बूटा चटर्जी, भाजपा महामंत्री भाजपा नेता राहुल अमूले, सोनू वाईकर, विशेष चौरसिया, रंजीत डेहरिया और बंटी अरोड़ा का नगर पालिका परिसर में औपचारिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेहा धुर्वे ने सभी मनोनीत पार्षदों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जी द्वारा माला पहनकर और तिलक लगाकर नवमनोनीत पार्षदों का सम्मान किया गया। समारोह में अपील समिति सदस्य सभापति संजय जैन, पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी, प्रमोद बंदेवार, सभापति अमित यादव, भाजपा नेता देवेंद्र टांडेकर, महेंद्र सूर्यवंशी, अभिषेक सहित भाजपा के पार्षद, सभापति और नगर पालिका कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मनोनीत पार्षदों के साथ मिलकर नगर के विकास कार्यों को गति देने की बात कही।

## नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत शासकीय कॉलेज दमुआ में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन




**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वामी विवेकानंद करियर प्रकोष्ठ के बैनर तले नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने हेतु निबंध, पोस्टर, स्लोगन एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशामुक्ति के संदेश को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने अपने निबंधों, आकर्षक पोस्टरों, प्रभावशाली स्लोगनों एवं सुंदर रंगोलियों के माध्यम से समाज में जागरूकता का संदेश दिया।कार्यक्रम का संयोजन डॉ. राजेश लोखंडे, डॉ. सरिता पाल, डॉ. विनिता धुर्वे एवं सुषमा टांडेकर द्वारा किया गया।निर्णायक मंडल द्वारा सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालयीन स्टाफ एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अतः सभी को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर होना चाहिए।कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थितों द्वारा नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु संकल्प के साथ किया गया।

## स्व. शारदा बाई अग्रवाल की पुण्यतिथि पर गरीब भोज एवं सामग्री वितरण



**दमुआ।** लायंस सेवा समिति दमुआ द्वारा प्रति सप्ताह आयोजित होने वाले मंगलवार के सेवा कार्यक्रम के तहत बैरियर कॉलरी ऑफिस के पास स्थित गरीब भोज परिसर में स्व. श्रीमती शारदा बाई अग्रवाल की पुण्यतिथि पर गरीब भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों को भोजन, वस्त्र और कंबल वितरित किए गए। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से आए बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल और रबर भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक डॉ. आर.के. विश्वकर्मा, मदन सोनी, श्याम अग्रवाल, रतनलाल सूर्या, वासुदेव राउत, दुर्गा सिंह राजपूत, भानु साहू, राकेश खातरकर सहित समिति के पदाधिकारी एवं सेवादार उपस्थित रहे।

## नगर सेवा दल नगर अध्यक्ष दमुआ की बागडोर संभाली

**दमुआ।** कांग्रेस सेवा दल के नगर अध्यक्ष बने राजा राईन नगर अध्यक्ष दमुआ माननीय कमलनाथ जी एवं नकुल नाथ जी की अनुशंसा पर एवं जिला कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड छिंदवाड़ा के जिला अध्यक्ष पंचम अमरोदे की सहमति से नगर अध्यक्ष ब्लाक कार्यकारिणी दमुआ राजा राईन की नगर अध्यक्ष दमुआ पद पर नियुक्ति की गई इस अवसर पर दमुआ नगर सेवादल अध्यक्ष बनने पर उन्हें सभी दोस्त शुभचिंतकों ने उन्हें मुबारकबाद दी गई। कांग्रेस सेवा दल के नगर अध्यक्ष बनने पर राजा राईन ने आशा व्यक्त करते हुए बात कही थी अब ।संगठन के लिए सक्रियता से काम किया जाएगा और संगठन को मजबूत किया जाएगा उन्होंने वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया।

## छात्रों को दी पाक्सो एक्ट 2012 की जानकारी

**छिंदवाड़ा।** बालकों के बढ़ रहे अपराधों इन विषयों की जानकारी देने के लिए जिला प्रधान न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुद्दार के निर्देशन मे शासकीय उ.मा.विध्यालय उमरिया ईसरा मे बालको के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हेतु बाल सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम प्राचार्य अरुण गुप्ता की उपस्थिति मे किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह ने छात्रो को बताया की पाक्सो एक्ट की जानकारी के आभाव मे दिनो दिन अपराध बढ़ रहे हे इसलिए हर छात्र को पाक्सो एक्ट का ज्ञान जरूरी हे तभी हम सुरक्षित बच पायेंगे।

## नव-प्रवेशित बच्चों का स्वागत, उपहार बांटकर बढ़ाया उत्साह

**जुन्नारदेव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में बीते दिनों नव-प्रवेशित नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए एक भव्य स्वागत एवं उपहार वितरण कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार के अनुसार, पिछले 7 वर्षों में पहली बार इस सत्र में रिकॉर्ड 32 बच्चों का नया प्रवेश हुआ है।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गुप्ता कम्युनिकेशन के संचालक विनय गुप्ता एवं विद्यालय उपाध्यक्ष अनुपम पारे द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात बच्चों ने सुमधुर सुरों में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की और 'ॐ' के पवित्र उच्चारण के साथ वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। नन्हे बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए दानदाताओं ने दिल खोलकर सहयोग किया। मुख्य अतिथि विनय गुप्ता की ओर से सभी नव-प्रवेशित बच्चों को आकर्षक स्कूल बैग प्रदान किए गए। वहीं लक्ष्मी नारायण मोटर्स के संचालक सोनल जायसवाल की ओर से बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल व अन्य शिक्षण सामग्री बांटी गई। पूर्व में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सलोड़े द्वारा शाला को 2 सीलिंग फैन व 2 ट्यूबलाइट तथा अधिवक्ता दंपति रंजिता एवं प्रसन्न बछलिया द्वारा दीवाल घड़ी भेंट की गई। इसके अतिरिक्त, जुन्नारदेव कॉलेज में पदस्थ प्राध्यापक डॉ संगीता वाशिंगटन द्वारा 5,000 की सहयोग राशि एवं भाजपा जिला महामंत्री कमलेश उइके द्वारा 10 फाइबर कुर्सियां दान करने की घोषणा की गई।समारोह के दौरान विनय गुप्ता द्वारा बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी (क्विज) का आयोजन किया गया। सही जवाब देने वाले मेधावी बच्चों को मंच पर सम्मानित कर पुरस्कार व टॉफियां बांटी गईं।



## 49 पाव विदेशी शराब, 24 बीयर केन और 7 लीटर महुआ मदिरा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

**कलेक्टर हरेन्द्र नारायन के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में ₹नशे से दूरी है जरूरी₹ अभियान के तहत बुधवार अपरान्ह वृत परासिया क्षेत्र में देलाखारी के आगे भूराभगत रोड के समीप स्थित ग्रामों में अवैध मदिरा के परिवहन, निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध दबिश कार्रवाई की गई।**



बारिश के बीच आबकारी दल ने ग्राम कुर्सी ढाना एवं जंगल के दुर्गम रास्ते से होकर ग्राम कानखेड़ी में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान 49 पाव विदेशी मदिरा, 24 बीयर केन, 16 पाव देशी मदिरा तथा 7 लीटर हाथ भट्टी महुआ मदिरा जब्त की गई। मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत होने की शर्त पर जमानत पर छोड़ा गया। जब्त मदिरा की कुल कीमत लगभग 13 हजार रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही भूराभगत रोड के समीपस्थ ग्रामों में तलाशी, गश्त एवं दबिश की कार्रवाई भी की गई। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, वृत परासिया प्रभारी एवं आबकारी उप निरीक्षक श्री जीत सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक श्री ओम नारायण बामने, महिला आरक्षक श्री दीपाली झारिया, आरक्षक श्री रविशंकर कंगाली तथा नवागत आरक्षक श्री घनश्याम पंद्रे का विशेष योगदान रहा।

## फव्वारा चौक में किया राहुल गांधी और कांग्रेस का पुतला दहन

**छिंदवाड़ा।** लोकतंत्र विरोधी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा देश में निरंतर अराजकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि अस्वीकार्य है। उन्हीं की शैली से प्रभावित होकर छिंदवाड़ा कांग्रेस द्वारा कल अपने आंदोलन के दौरान देश के प्रधानमंत्री और सर्वमान्य नेता नरेंद्र मोदी के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग और गलत टिप्पणी की गई।

यह कहना है नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष बिट्टू विवेक मंडराह का छिंदवाड़ा कांग्रेस के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने को लेकर भाजपा नगर युवा मोर्चा एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने फव्वारा चौक में राहुल गांधी और कांग्रेस का पुतला दहन किया है।

नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष बिट्टू विवेक मंडराह ने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही देश को अराजकता की ओर धकेलने का काम करते आ रही है और उनका उद्देश्य हमेशा से यह रहा है कि देश में किसी भी तरह से माहौल खराब होते रहे यदि काँग्रेस अपना रवैया नहीं सुधारती है तो हजारों भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस भवन के सामने पुतला दहन करेंगे।

## 46 ग्राम पंचायतों में शुरू हुए फार्मर रजिस्ट्री विशेष अभियान

### किसानों करा रहे पंजीयन, पचास प्रतिशत से कम प्रगति पर चल रहा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जुन्नारदेव



शासन की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक समय पर पहुंचाने के उद्देश्य से तहसील प्रशासन जुन्नारदेव द्वारा उन ग्राम पंचायतों में विशेष फार्मर रजिस्ट्री शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां अब तक पंजीयन कार्य 50 प्रतिशत से कम प्रगति पर है। तहसीलदार कार्यालय द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार कुल 46 ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथियों पर विशेष कैंप लगाए जा रहे है।

प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे आधार कार्ड, समग्र आईडी, भू-अभिलेख एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि पर अपने पंचायत मुख्यालय में आयोजित शिविर में पहुंचकर फार्मर रजिस्ट्री अवश्य कराएं। अधिकारियों का कहना है कि फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण होने से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, कृषि ऋण, समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

तहसील कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार कैंप प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित किए जाएंगे। प्रत्येक पटवारी को अपने हल्के की पंचायतों में उपस्थित रहकर पंजीयन कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट तहसील कार्यालय में प्रस्तुत करना भी अनिवार्य किया गया है।

कुल 46 ग्राम पंचायतों में सोमवार, मंगलवार, गुरुवार एवं शुक्रवार को रोस्टर के अनुसार शिविर लगाए जा रहे है जिसकी प्रगति को देखने के लिए मंगलवार को तहसीलदार ज्योति ठोके ग्राम पंचायत नजरपुर, पालाचौरई, बिलावर खुर्द, उमराड़ी और दातलावादी पहुंची जहां पर उनके द्वारा शिविर में किए जा रहे पंजीयन का निरीक्षण किया गया साथ ही ग्रामीणों को पंजीयन करने हेतु समझाइश इस भी दी गई।

## आज धूमधाम से मनाया जाएगा 41वां जश्न-ए-ताजुल औलिया

**सिंगोड़ीः-** शहर की प्रसिद्ध दरगाह हज़रत मखदूम अता-उल्लाह शाह भैयाजी रह.अलैह में 41वां सालाना ₹जश्न-ए-ताजुल औलिया₹ 23 जुलाई 2026, बरोज-जुमेरात को बड़े ही एहतराम के साथ मनाया जाएगा। सिलसिला-ए-मिस्कीनिया ताजिया सिंगोड़ी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस बार के आयोजन की बाफैजैले रूहानी अल्हाज बाबा सैय्यद फरीदउद्दीन मिस्कीनी ताजी साबरी र.अ. होंगे। वहीं जेरे सरपरस्ती पीर-ओ-मुर्शीद सैय्यद शाह हुसैन मिस्कीनी ताजी साबरी, सज्जादा नशीन आस्ताना-ए-आलिया मिस्कीनिया ताजिया, सिकन्दराबाद बुलंदशहर उ.प्र. रहेंगे। जुलूस का रूट आयोजक हाजी जमालुद्दीन लालसाहब ने बताया कि गुरुवार 23 जुलाई को सुबह 11 बजे सिंगोड़ी जामा मस्जिद से चादर व संदल का जुलूस विशेष वाहनों के साथ रवाना होगा। जुलूस पहले हज़रत कमली वाले बाबा रह.अलैह की दरगाह जाएगा और वहां से नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ दरगाह हज़रत अता-उल्लाह शाह भैयाजी पहुंचेगा।

### कलेक्टर ने उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा की, सभी केंद्रों पर पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश

## किसानों के लिए सभी वितरण केंद्रों में पर्याप्त स्टॉक बनाए रखे : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा




कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने बुधवार को खरीफ सीजन के लिए जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा कर किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सभी वितरण केंद्रों पर पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने ई-विकास पोर्टल के माध्यम से उर्वरक वितरण, ई-टोकन व्यवस्था, आगामी रैक की उपलब्धता तथा ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन की भी विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उप संचालक कृषि मोरिस नाथ ने जानकारी दी कि खरीफ सीजन में अब तक जिले को 89,966 मीट्रिक टन यूरिया, 21,496 मीट्रिक टन सुपर फॉस्फेट, 7,053 मीट्रिक टन पोटाश, 6,130 मीट्रिक टन डीएपी तथा 26,955 मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध कराया गया है। इनमें से 70,361 मीट्रिक टन यूरिया, 13,691 मीट्रिक टन सुपर फॉस्फेट, 3,714 मीट्रिक टन पोटाश, 5,572 मीट्रिक टन डीएपी तथा 17,921 मीट्रिक टन एनपीके का वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किसानों को किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में 19,605 मीट्रिक टन यूरिया, 7,805 मीट्रिक टन सुपर फॉस्फेट, 3,339 मीट्रिक टन पोटाश, 558 मीट्रिक टन डीएपी तथा 9,034 मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। खरीफ सीजन में आज दिनांक तक 1,83,434 किसानों द्वारा ई-टोकन बुक कर उर्वरकों का उठाव किया जा चुका है। कलेक्टर श्री नारायन ने जिले के नगद उर्वरक विक्रय केंद्रों की केंद्रवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का भंडारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने आगामी दिनों में जिले को प्राप्त होने वाली उर्वरक रैक की जानकारी भी ली तथा ई-विकास पोर्टल पर लंबित एक्सेप्शनल हैंडलिंग संबंधी आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि जिले में पंजीकृत 1,766 किसानों में से 896 किसानों ने स्लॉट बुक कराया है तथा 266 किसानों द्वारा उपार्जन केंद्रों पर मूंग एवं उड़द का विक्रय किया जा चुका है। शासन के निर्देशानुसार मूंग एवं उड़द का उपार्जन 10 अगस्त 2026 तक किया जाएगा। कलेक्टर श्री नारायन ने संबंधित अधिकारियों को उपार्जन कार्य सुचारु रूप से संचालित करने तथा किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# बच्चों पर लाठीचार्ज पर कांग्रेस ने सड़क पर किया उग्र प्रदर्शन

## विलास बुले के आग्रह पर नकुलनाथ ने चखा भुट्टे का लिया स्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

पूर्व सांसद नकुलनाथ के सौंसर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा उनका जगह-जगह जोरदार और भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान राजनीतिक गतिविधियों, संगठन चर्चा के साथ-साथ एक अनूठा राजनीतिक रंग भी देखने को मिला, वहीं दिल्ली में हुए घटनाक्रम के विरोध में स्थानीय कांग्रेसियों ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन भी किया।लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) विश्राम गृह में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय ठाकरेके नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद नकुलनाथ का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर श्री नकुलनाथ ने कांग्रेस नेताओं व संगठन पदाधिकारियों के साथ आगामी रणनीतियों, संगठन विस्तार और विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जतन उइके,पूर्व नपा अध्यक्ष लक्ष्मण चाके प्रदेश युवक कांग्रेस सचिव सोपान कोहले, डॉ. राजेंद्र यमदे, सतीश बोड़खे, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत धुर्वे,अतुल जूननकर, सुभाष आमने,देवराव भकाने,सुखमन बैंडे, सुनील भागे, श्याम ठाकुर, अमरीश जायसवाल,राजा बोढे, ज्ञानेश्वर गावंडेसहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बारिश के बीच युवा नेता के आग्रह पर चखे भुट्टे

सौंसर नागपुर मार्ग पर युवा नेता विलास बुले के आग्रह पर एक दिलचस्प राजनीतिक नजारा देखने को मिला। भारी बारिश और ढोल-धमाकों, आतिशबाजी व पुष्पमालाओं के बीच भव्य स्वागत से अभिभूत होकर पूर्व सांसद नकुलनाथ अपने वाहन से नीचे उतरे। युवा नेता विलास बुले के विशेष आग्रह पर उन्होंने युवा साथियों के साथ गरमागरम भुट्टे के स्वाद का आनंद लिया और सभी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।

## कांग्रेसियों ने सड़क पर बैठ कर किया विरोध प्रदर्शन



एक तरफ जहां स्वागत का दौर चला, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय राजनीतिक मुद्दों पर कांग्रेस ने आक्रामक रुख दिखाया। दिल्ली में नीट नीट पेपर लीक,छात्र-छात्राओं पर पुलिस लाठीचार्ज और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में राहुल गांधी व प्रियंका गांधी वाड्रा को हिरासत में लिए जाने के विरोध में सौंसर बस स्टैंड पर कांग्रेस नेताओं ने उग्र प्रदर्शन किया।नाराज कांग्रेसियों ने बस स्टैंड पर सड़क पर बैठकर करीब 1 घंटे तक केंद्र और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष जतन उइके और नगर अध्यक्ष संजय ठाकरे ने इस दौरान केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए देश में अराजकता और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग दोहराई।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत हुआ पौधारोपण



**सिंगोड़ी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगोड़ी में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य बी. एस. सीलू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में अरविंद भट्ट (बीएसी मोहखेड़ एवं सचिव, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ), शेखर पाण्डेय, रामाजी पाठे, संतोष डोंगरे, सुशील दोईजड़, कालका प्रसाद राज, एडवोकेट रत्नेश श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं वन विभाग के आकाश पवार के माध्यम से कार्यक्रम के लिए फलदार पौधे उपलब्ध कराए गए, जिनका रोपण विद्यालय परिसर में किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधे लगाए तथा उनकी देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक संजय सिन्हा, नरेश साहू, साजीद मंसूरी,राजकुमार डेहरिया सुधीर जैन एवं योगेश चौरसिया की भी सक्रिय सहभागिता रही। बी.ए.सी. अरविंद भट्ट ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के आधार हैं तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण कर उसकी नियमित देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान को प्रकृति संरक्षण के साथ मातृ सम्मान का भी प्रतीक बताया। और उस पर एक कविता का भी वाचन किया कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीकांत नागवंशी ने किया। अंत में उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने लगाए गए पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया।

## हर्रई के आसपास लगभग एक दर्जन ग्रामों को लिफ्ट इरिगेशन से जोड़ने मुख्यमंत्री से मिले विधायक शाह

**हरिभूमि न्यूज हर्रई।** अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत हर्रई ब्लॉक के ग्राम गौरपानी,धर्मी, कोहपानी, मेंड़की,गुनगुच, सुन्डे सौंदी, रैयाराव, अहरवाड़ा, खमतरा, कचनरा, पठारा, सुखापुरा ,पटी आदि गांवों में लंबे समय से जलाशय की मांग की जा रही है।समय समय पर क्षेत्रवासियों ने शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष पुरजोर तरीके से बांध निर्माण की मांग रखी है।सिंचाई के अभाव में क्षेत्र के किसान केवल खरीफ की फसल का उत्पादन कर पाते हैं,एकफसलीय कृषि से क्षेत्रवासियों की आर्थिक स्थिति प्रभावित है एवं पलायन या शहरों में रोजगार की तलाश करना गरीब किसानों की मजबूरी है।विधायक शाह की दूरदर्शी सोच एवं



संवेदनशीलता से क्षेत्र के बदलेंगे हालातगोटेगांव विधानसभा क्षेत्र में माछा नदी पर बना रहे जलाशय से अपनी विधानसभा में पानी लाने प्रयासरत विधायक शाह। अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह का कांग्रेस को छोड़ भाजपा में जाने का निर्णय उस समय भले ही सभी को चौंकाने वाला रहा हो,परंतु सत्तारूढ़ दल की सदस्यता लेकर जिस तरह उन्होंने क्षेत्र में स्वास्थ्य,शिक्षा एवं अन्य सुविधाओं के लिए लगातार प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र को बालिका छात्रावासों सहित अनेक सौगातें दिलाईं हैं,वह अविस्मरणीय एवं तारीफे काबिल है। लिफ्ट इरिगेशन के माध्यम से सूखाग्रस्त क्षेत्र में सिंचाई हेतु पानी की उपलब्धता के लिए विधायक शाह द्वारा किया गया प्रयास उनकी सकारात्मक एवं जनहितैषी सोच का उदाहरण है।विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र में माछा नदी पर जलाशय निर्माण कार्य प्रारंभ होने की स्थिति में है।

## अमरवाड़ा विधायक ने मुख्यमंत्री से मिलकर हर्रई में नियमित एसडीएम कोर्ट खोलने की रखी मांग

**हरिभूमि न्यूज हर्रई।** अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर हर्रई नगर में नियमित एसडीएम कोर्ट शुरू किए जाने की मांग उठाई है। इस संबंध में विधायक शाह ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि हर्रई क्षेत्र के लोगों को राजस्व मामलों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उन्हें समय और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।विधायक शाह ने बताया कि हर्रई में नियमित एसडीएम कोर्ट नहीं होने के कारण आमजन को अपने राजस्व संबंधी कार्यों के लिए करीब 40 किलोमीटर दूर अमरवाड़ा जाना पड़ता है। वहीं विकासखंड के कई गांवों के लोगों को 60 से 70 किलोमीटर तक की यात्रा करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि हर्रई विकासखंड पूर्णतः आदिवासी बहुल क्षेत्र है, इसलिए स्थानीय स्तर पर एसडीएम कोर्ट की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है।विधायक कमलेश प्रताप शाह ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जनहित को देखते हुए हर्रई में नियमित एसडीएम कोर्ट की शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए। उनका कहना है कि कोर्ट शुरू होने से हजारों ग्रामीणों, किसानों और आम नागरिकों को राहत मिलेगी तथा राजस्व संबंधी मामलों का त्वरित निराकरण संभव हो सकेगा।



## खमारपानी-सवरनी मार्ग बना अवैध पशु तस्करी का सेफ रूट

### सौंसर ग्रामीण क्षेत्र महाराष्ट्र भेजे जा रहे मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



क्षेत्र के खमरपानी (बिछवा)-सवरनी मार्ग पर इन दिनों अवैध पशु तस्करी का काला कारोबार चरम पर पहुंच गया है।दिन हो या रात, खुलेआम वाहनों में मवेशियों को ठूस-ठूसकर महाराष्ट्र (नागपुर) के कत्लखानों की ओर भेजा जा रहा है।

इसके बावजूद संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मूकदर्शक बना हुआ है, जिससे स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। युवा कांग्रेस नेता गुलशन गजभिये ने प्रशासन की इस अनदेखी और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि प्रशासन की नाक के नीचे से रोजाना मवेशियों से भरे वाहन धड़ल्ले से गुजर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग कोई भी ठोस कार्रवाई करने से बच रहा है। प्रशासन को इस मार्ग से हो रही है अवैध को तस्करी की जानकारी होने के बावजूद भी पुलिस एवं एसडीएम कार्यालय में बैठे हुए अधिकारियों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

खमरपानी-सवरनी मार्ग तस्करी का मुख्य सेफ रूट बन चुका है। क्या जिम्मेदार अधिकारियों को यह अवैध खेल नजर नहीं आ रहा? आखिर कब जागेगा प्रशासन? हमारी मांग है कि इस मार्ग पर तत्काल कड़े चेकिंग पॉइंट स्थापित किए जाएं और दोषियों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।स्थानीय ग्रामीणों का भी कहना है कि इस मार्ग से लगातार संदिग्ध वाहनों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं।

जनहित और मवेशियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से तुरंत इस मार्ग पर गश्त बढ़ाने, नाकाबंदी करने और पशु तस्करों के खिलाफ सख्त अभियान चलाने की पुरजोर अपील की है।

## शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान' के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। 16 July को महाविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें किरनापुर थाना क्षेत्र से आए श्री दामेंद्र तुरकर जी ने छात्रों को विभिन्न प्रकार के नशे से दूर रहने की सलाह दी, उन्होंने कहा समाज में अपराध बढ़ने का एक मुख्य कारण नशा है, नशा व्यक्ति को शरीरिक एवं मानसिक रूप से कमज़ोर बनाता है। इसलिए छात्र जीवन में ही नहीं ब्लकि पूरे जीवन काल में कभी नशा नहीं करें। इस के बाद प्राचार्य महोदया डॉक्टर सुनीता जैन ने भी नशे के कारण सामाज पर होने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने कहा नशे से सबसे ज्यादा प्रभावित महिलाएँ है। जैसे घरेलु हिंसा, शोषण, तथा पारिवारिक संबंधों पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ता है l नशा केवल किसी व्यक्ती के लिए नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए हानिकारक है l युवा अपने घरों से ले कर पूरे समाज में इस के लिए जागरुकता फैलाए और किसी भी नशीले पदार्थ से हमेशा दूर रहें।

इस के उपरांत, महाविद्यालय परिसर में सभी छात्रों, स्टाफ़ के सदस्यों एवं थाने से आए विशिष्ट अतिथि ने शपथ भी ग्रहण की, कि नशे से हमेशा दूरी बनाए रखेंगे और किसी को करने भी नशा नही करने देंगे। इस गरिमामय माहौल में सभी छात्रों को pamphlet भी बाटें गए और Balaghat जिले के SP Sir द्वारा sign किया गया ऑनलाइन सर्टिफिकेट भी सभी ने प्राप्त किया।

मंच संचालन श्री डालेश विजयवार द्वारा किया गया ! NSS प्रभारी सुश्री साक्षी बंसोड़ के साथ सुश्री मान्यता तिवारी ने स्टाफ़ के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

इस के उपरांत 20 जुलाई को छात्रों को एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई गयी l इसमें यह संदेश दिया गया कि युवा पीढ़ी नशे की लत में अपना और अपने परिवार का भविष्य बर्बाद कर रहीं है। अगर कोई छात्र ऐसी स्थिति का सामना कर भी रहा हो तो वह घबराए नहीं अपने अभिभावकों तथा शिक्षकों से खुल कर चर्चा करे l National हेल्पलाइन नंबर 14446 पर भी कॉल कर सकते है।

बालाघाट PG college से आए NSS के volunteers ने महाविद्यालय के नवप्रवेशित छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि जीवन को बेहतर बनाने के लिए नशा नहीं ब्लकि खेल, नृत्य, संगीत, योग एवं प्रेम पूर्ण आपसी संबंध मायने रखते है।

## विधानसभा में गूंजी पुरानी पेंशन की मांग, विधायक मधु भाऊ भगत ने कर्मचारियों और जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भाऊ भगत ने एक बार फिर अपनी सक्रिय और जनहितैषी भूमिका का परिचय देते हुए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के स्थान पर पात्र कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की मांग करते हुए सरकार का ध्यान इस महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित कराया।



विधायक मधु भगत ने नियम 138(1) के तहत अविलंबनीय लोक महत्व का विषय उठाते हुए कहा कि भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग तथा कई राज्य सरकारों ने ऐसे शासकीय कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का विकल्प प्रदान किया है, जिनके पदों के विज्ञापन राष्ट्रीय पेंशन योजना लागू होने की अधिसूचना से पहले जारी हुए थे, लेकिन उनकी नियुक्ति अथवा कार्यग्रहण अधिसूचना के बाद हुआ। उन्होंने प्रश्न किया कि क्या मध्यप्रदेश शासन ने इसी आधार पर राज्य कैडर के आईएएस अधिकारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया है और यदि ऐसा है तो अन्य विभागों के समान परिस्थितियों वाले कर्मचारियों को भी यह लाभ कब तक दिया जाएगा।

उन्होंने सरकार से यह भी पूछा कि यदि अन्य कर्मचारियों को यह सुविधा नहीं दी जा रही है तो इसका क्या कारण है। विधायक भगत ने कहा कि इस विसंगति के कारण प्रदेश के अनेक कर्मचारी न्याय की उम्मीद में जबलपुर उच्च न्यायालय एवं उसकी खंडपीठों में विभिन्न रिट याचिकाएं दायर करने को मजबूर हुए हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि प्राकृतिक न्याय और समानता के संवैधानिक सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए तथा आगामी मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में ठोस नीतिगत निर्णय लिया जाए।

विधानसभा में विधायक मधु भगत ने केवल पुरानी पेंशन योजना का मुद्दा ही नहीं उठाया, बल्कि प्रदेश के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों से जुड़े लंबित मामलों को भी प्रमुखता से रखा। उन्होंने कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान की आवश्यकता पर बल देते हुए सरकार से सकारात्मक पहल करने की मांग की।

इसके अलावा विधायक भगत ने अपने विधानसभा क्षेत्र परसवाड़ा की विभिन्न जनसमस्याओं को भी सदन में प्रभावी ढंग से रखा। उन्होंने बालाघाट जिले में सामने आए बहुचर्चित सरकारी चावल घोटाले की निष्पक्ष और व्यापक जांच की मांग करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की आवश्यकता बताई। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रेत की उपलब्धता की गंभीर समस्या का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आम नागरिकों और ग्राम पंचायतों को निर्माण कार्यों के लिए उचित दरों पर रेत उपलब्ध कराने की प्रभावी व्यवस्था की जाए।

## विधिक साक्षरता शिविर में महिलाओं को दिए कानून, समानता और सुरक्षा के अधिकार



### आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 (सिकंदरा) में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश नेहा बाथरी ने ग्रामीणों को किया जागरूक, निःशुल्क वकील और महिलाओं के कानूनी अधिकारों की दी जानकारी

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी ।** तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के तत्वाधान में ग्राम पंचायत सिकंदरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में एक वृहद विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ खण्ड) नेहा बाथरी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत के साथ हुआ।

शिविर में महिलाओं से सीधा संवाद करते हुए न्यायाधीश सुश्री नेहा बाथरी ने उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि कानून महिलाओं को डराने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षा और संबल प्रदान करने के लिए बनाया गया है। घर में पत्नी, बहन या माँ के रूप में रह रही महिला को किसी भी प्रकार की शारीरिक या मानसिक प्रताड़ना के खिलाफ पूर्ण कानूनी संरक्षण प्राप्त है।उन्होंने स्पष्ट किया कि घरेलू हिंसा या प्रताड़ना की स्थिति में कानून में ठोस प्रावधान हैं:ससुराल में रहने का अधिकार: पीड़ित महिला को कोर्ट के माध्यम से ससुराल में ही अलग से रहने की व्यवस्था (दो कमरे आदि) दिलाई जा सकती है।बच्चों की कस्टडी व भरण-पोषण: छीने गए छोटे बच्चों की कस्टडी वापस दिलाने, इलाज का खर्च (प्रतिकर) और भरण-पोषण भत्ता दिलाने का स्पष्ट कानून है।समानता का अधिकार: कानून में महिला और पुरुष को समान दर्जा प्राप्त है। समान कार्य और क्षमता के लिए वेतन या मजदूरी में लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता।जरूरतमंदों को मिलेगा निःशुल्क वकीलन्यायाधीश बाथरी ने बताया कि यदि कोई महिला या आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति केस का खर्च उठाने में असमर्थ है, तो वह 'विधिक सेवा प्राधिकरण' में आवेदन देकर शासन के खर्चे पर निःशुल्क अधिवक्ता (वकील) की सुविधा प्राप्त कर सकता है।

## सावंगी के तुमड़ीटोला शासकीय प्राथमिक शाला का मामला , किचन शेड बुरी तरह क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत सावंगी के तुमड़ीटोला स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में कुछ वर्षो से गंभीर समस्या बनी हुई है। स्कूल का किचन शेड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण यहाँ छात्र छात्राओं के लिए मध्यान्ह भोजन स्कूल भवन के ऑफिस कक्ष में तैयार किया जा रहा है। इससे ना केवल विद्यार्थियों के अध्ययन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, बल्कि भविष्य में किसी अनहोनी या हादसे की आशंका भी लगातार बनी हुई है।

जानकारी अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला तुमड़ीटोला स्कूल परिसर में पूर्व में निर्मित किचन शेड देखरेख के अभाव और जर्जर स्थिति के चलते पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। शेड की स्थिति इतनी दयनीय हो चुकी है कि वहाँ भोजन पकाना संभव नहीं है। स्कूल भवन में तीन कमरे हैं, जिसमें ऑफिस कक्ष में मजबूरीवश भोजन पकाने का कार्य किया जा रहा है। भवन के ऑफिस कक्ष में चूल्हा जलाकर भोजन तैयार किए जाने से हलचल के कारण विद्यार्थियों का ध्यान भटक रहा हैं। जिससे शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है, इसके अलावा छोटे बच्चों की मौजूदगी के बीच रसोई में गैस का काम होने से हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।



ग्राम के निवासियों और स्कूल प्रबंधन द्वारा इस गंभीर समस्या को लेकर शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को कई बार लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक ना तो जर्जर हो चुके किचन शेड की मरम्मत कराई गई है और ना ही नए किचन शेड के निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया गया है। ग्रामीणों और स्कूल प्रबंधन ने शासन प्रशासन से मांग की है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा और सुचारू अध्ययन व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द नए किचन शेड का निर्माण कराया जाए या मौजूदा शेड की मरम्मत करवायी जायें।

## 16 हजार की खोई हुई राशि लौटाकर टोलेश पांचे ने पेश की ईमानदारी और मानवता की मिसाल



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर के प्रांगण में ग्राम लवेरी निवासी श्रीमती मुक्ता बाई साहारे की रू16,000 की राशि कहीं गुम हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी राशि नहीं मिलने पर मामले की जानकारी अस्पताल प्रबंधन एवं संबंधित लोगों को दी गई। इसी दौरान ग्राम परसवाड़ा निवासी श्री टोलेश पांचे, पिता श्री सियाराम पांचे को उक्त राशि मिली।

श्री टोलेश पांचे ने ईमानदारी एवं मानवता का परिचय देते हुए रू16,000 की पूरी राशि अपने पास रखने के बजाय उसे उसकी वास्तविक हकदार श्रीमती मुक्ता बाई साहारे तक पहुंचाने का निर्णय लिया।

इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी (टीआई) श्री राजकुमार चौधरी के मार्गदर्शन में एएसआई श्री नेहरू बेहरवंशी, आरक्षक श्री विवेक तिवारी एवं आरक्षक श्री मनोज गुर्जर का सहयोग रहा।

वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर के DEO श्री राजकुमार अगासे द्वारा सीसीटीवी फुटेज देखने एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही समस्त अस्पताल स्टाफ ने भी इस कार्य को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

अंततः रू16,000 की पूरी राशि श्रीमती मुक्ता बाई साहारे को वापस सौंप दी गई। श्री टोलेश पांचे द्वारा दिखाई गई ईमानदारी और मानवता की सभी ने सराहना की। उनका यह कार्य समाज में ईमानदारी, मानवता और विश्वास की एक प्रेरणादायक मिसाल कायम करता है।

## खबर संक्षेप



### प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण की नीट की परीक्षा

**खैरापलारी** नगर एवं संस्कार वैली हायर सेकेण्डरी स्कूल पलारी की होनहार छात्रा प्रतिष्ठा राय पिता नीलमनिंद्र राय ने प्रथम प्रयास में ही देश की महत्वपूर्ण परीक्षा नीट को उत्तीर्ण किया। प्रतिष्ठा एमबीबीएस कर डॉक्टर बनना चाहती है। उन्होंने नीट परीक्षा में 720 में से 524 अंक प्राप्त किए हैं। ज्ञात हो कि प्रतिष्ठा राय द्वारा 2024 25 कक्षा दसवीं की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान एवं प्रदेश में नौवा स्थान प्राप्त किया था। वर्ष 2025 26 की कक्षा 12वीं की परीक्षा में 96त्न अंक अर्जित किए है। जिस प्रकार विशाल वृक्ष तैयार करने के लिए पहले पौधारोपण कर उसका पालन पोषण किया जाता है। ठीक उसी प्रकार एक अच्छे परिणाम के लिए शुरू से मेहनत करना होता है, कक्षा पहली से संस्कार वैली हायर सेकेण्डरी स्कूल पलारी में अध्ययनरत छात्रा ने उस विशाल वृक्ष को परिभाषित किया है जो जटिल परिस्थितियों में आज भी तनकर खड़े हुए है एवं चुनौतियों का सामना कर सफलता प्राप्त किया है।

### अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों के लिए बलराम तालाब योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत पर ड्रॉप मोर क्रॉप कार्यक्रम के तहत वर्ष 2026-27 के लिए जिले को अनुसूचित जाति श्रेणी के किसानों हेतु बलराम तालाब निर्माण के कुल 4 लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। इनमें विकासखंड कुरई को 2, घंसौर को 1 तथा धनौरा को 1 लक्ष्य आवंटित किया गया है।
उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि संबंधित विकासखंडों के इच्छुक अनुसूचित जाति वर्ग के किसान ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वर्तमान में पोर्टल आवेदन के लिए खुला है। आवेदन के लिए किसान के पास स्वयं की भू-स्वामी बही, खसरा नक्शा, बी-1 की प्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, स्वयं का फोटो तथा मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। किसान अपनी जोत सीमा के अनुसार अधिकतम 1 हेक्टेयर, 1 से 2 हेक्टेयर तथा 2 हेक्टेयर से अधिक श्रेणी में आवेदन कर सकते हैं। उपसंचालक ने पात्र किसानों से अपील की है कि वे समय रहते ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करें



### स्वैच्छिकता पर्व के तहत प्रस्फुटन समितियों की समीक्षा बैठक संपन्न, पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 4 जुलाई से 12 अगस्त तक आयोजित स्वैच्छिकता पर्व अभियान के अंतर्गत ग्राम कोहका (मानेगांव) सेक्टर-4 में प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्य दिवसों की रूपरेखा तैयार करते हुए जनजागरूकता, नशामुक्ति अभियान, ग्राम विकास तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सभी उपस्थित जनों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

# किसानों को निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर यूरिया बेचने वाले कृषि केंद्र संचालक पर एफआईआर दर्ज

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार किसानों को निर्धारित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध कराने के लिए जिले में लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में लखनादौन क्षेत्र में निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर यूरिया उर्वरक बेचने के मामले में एक कृषि केंद्र संचालक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लखनादौन बी.आर. अठ्या द्वारा थाना धूमा में प्रस्तुत शिकायत के आधार पर हर्ष कृषि केन्द्र, दरगड़ा के संचालक सौरभ श्रीपाल के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 की धारा 3 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 एवं 7 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जानकारी के अनुसार 19 जुलाई 2026 को तहसीलदार लखनादौन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तथा अनुविभागीय कृषि अधिकारी की संयुक्त टीम ने हर्ष कृषि केन्द्र, दरगड़ा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि किसानों को शासन द्वारा निर्धारित 266.50 रुपये प्रति बैग के स्थान पर 350 रुपये प्रति बैग की दर से यूरिया उर्वरक बेचा जा रहा था।
जांच के दौरान मौके पर उर्वरक खरीदने वाले किसानों से दूरभाष पर संपर्क कर जानकारी ली गई, जिसमें चार किसानों ने 350 रुपये प्रति बैग की दर से यूरिया खरीदने की पुष्टि की। इसके अतिरिक्त अन्य किसानों से लिखित बयान भी लिए गए, जिनमें उन्होंने 15 जुलाई 2026 को उक्त कृषि केंद्र से 350 रुपये प्रति बोरी की दर से यूरिया खरीदने की पुष्टि की।
जांच में शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर यूरिया विक्रय कर उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 का उल्लंघन पाया गया। इसके आधार पर पंचनामा तैयार कर संबंधित दस्तावेजों सहित थाना धूमा में प्रकरण दर्ज कराया गया, जिस पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।
कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि यदि कोई विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक या अन्य कृषि आदान बेचता है तो इसकी सूचना तत्काल कृषि विभाग अथवा संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा सके।

# बारिश के दौरान नाले में गिरने से मासूम की मौत, हरि दर्शन नगर में शोक की लहर

**शहर के हरि दर्शन नगर, खेरी टेक क्षेत्र में सोमवार को हुई एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बारिश के दौरान खेल रहे ऋषि यादव नामक मासूम बच्चे का पैर फिसलने से वह तेज बहाव वाले नाले में गिर गया।
घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल प्रशासन को जानकारी दी। सूचना मिलते ही बचाव दल मौके पर पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद बच्चे को नाले से बाहर निकाला। उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
इस हृदयविदारक घटना से हरि दर्शन नगर सहित पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।
अपील- लगातार हो रही बारिश के बीच अभिभावक अपने बच्चों पर विशेष निगरानी रखें। बच्चों को नालों, पुल-पुलियों, तेज बहाव वाले क्षेत्रों तथा जलभराव वाली जगहों के आसपास जाने से रोकें। थोड़ी-सी असावधानी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

# धनौरा आजीविका मिशन में भारी भ्रष्टाचार

## कागजों पर समूहों का गठन, अधिकारियों की जेबों में जा रहा महिलाओं के हक का पैसा




केशव राय धनौरा। सिवनी जिले के आदिवासी बहुल विकासखंड धनौरा में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन भ्रष्टाचार का बड़ा अड्डा बन चुका है। गरीब, ग्रामीण और जरूरतमंद महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के जरिए आर्थिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से चलाई जा रही इस योजना को स्थानीय अधिकारियों और बिचौलियों के गठजोड़ ने पूरी तरह पटरी से उतार दिया है।क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आ रही शिकायतों एवं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आजीविका मिशन के तहत मिलने वाली राशि का जमकर बंदरबांट किया जा रहा है।

### आरोप -फर्जी बैंक खातों में राशि का ट्रांसफर

प्रदेश के अन्य जिलों (जैसे गुना जिला आजीविका घोटाला) की तर्ज पर धनौरा में भी स्व-सहायता समूहों के वास्तविक हितग्राहियों की जगह अधिकारियों के चहेतों और निजी खातों में राशि ट्रांसफर किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

### लोन और फंड स्वीकृति के एवज में रिश्वत

सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार आजीविका मिशन के तहत समूहों को मिलने वाले रिवाल्विंग फंड , कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड और बैंक लिंकेज (लोन) को मंजूर कराने के नाम पर 10 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक की खुली कमीशनखोरी चल रही है। हाल ही में पड़ोसी जिलों (जैसे छिंदवाड़ा के मोहखेड़) में भी आजीविका मिशन के ब्लॉक मैनेजर को लोकायुक्त द्वारा रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया था, जिससे साफ है कि यह नेटवर्क पूरे संभाग में फैला हुआ है।

### कागजी समूहों का फर्जीवाड़ा

सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार धरातल पर बिना किसी काम या अस्तित्व के, केवल फाइलों और पोर्टलों पर फर्जी समूह बनाकर सरकारी बजट निकाला जा रहा है।

### प्रशिक्षण और सामग्री खरीद में घोटाला

महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई या अन्य रोजगार सिखाने के नाम पर आयोजित होने वाले फर्जी प्रशिक्षण शिविरों के जरिए टेंट, भोजन और सामग्री के फर्जी बिल पास कराए जा रहे हैं। पीड़ित महिलाओं एवं ग्रामीणों का आक्रोश धनौरा ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं का कहना है कि जब वे अपने रोजगार या लोन की प्रगति जानने आजीविका मिशन के कार्यालय पहुंचती हैं, तो उन्हें चक्कर कटवाए जाते हैं। निचले क्रम के अधिकारियों द्वारा सीधे तौर पर सुविधा शुल्क (रिश्वत) की मांग की जाती है और मना करने पर फाइलें निरस्त करने या समूह को निष्क्रिय करने की धमकी दी जाती है।

### निष्पक्ष ऑडिट और जांच की मांग

मध्य प्रदेश में आजीविका मिशन में बढ़ते घोटालों को देखते हुए अब सिवनी जिले के सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर सिवनी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से धनौरा ब्लॉक के पिछले 3-4 वर्षों के वित्तीय रिकॉर्ड की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बैंक खातों और धरातल पर मौजूद समूहों का भौतिक सत्यापन किया जाए, तो लाखों-करोड़ों का घोटाला उजागर हो सकता है।

# मिलावटी व सिंथेटिक दूध पर सिवनी में विशेष अभियान, डेयरी एवं दूध विक्रेताओं से लिए गए नमूने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



महाराष्ट्र में सिंथेटिक एवं मिलावटी दूध के मामले सामने आने के बाद आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिवनी एवं पदेन उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का विशेष जांच दल गठित कर विभिन्न डेयरियों, दूध विक्रेताओं एवं पनीर निर्माण स्थलों की सघन जांच की जा रही है।
इसी क्रम में सोमवार 21 जुलाई 2026 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार परते, श्रीमती सोनू तिवारी, श्रीमती वंदना थागले एवं अन्य संबंधित कर्मचारियों के विशेष जांच दल ने जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान कुकलाहा स्थित साहू दूध डेयरी से पनीर का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण स्थल पर स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक मानकों से संबंधित कमियां पाए जाने पर संचालक को सुधार सूचना (इम्प्रूवमेंट नोटिस) जारी किया गया।
जांच दल ने फुटकर दूध विक्रेताओं से भी नमूने लिए। संतोष कुमार साहू, कुकलाहा से गाय एवं भैंस के मिश्रित दूध का तथा कृष्ण कुमार ठाकुर, पलारी से दूध का नमूना लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजने की कार्रवाई की गई। प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। विभिन्न दूध डेयरियों, पनीर निर्माण इकाइयों एवं फुटकर विक्रेताओं पर नियमित निगरानी रखी जा रही है। यदि किसी भी प्रतिष्ठान में मिलावटी अथवा अमानक दूध एवं दुग्ध उत्पादों का विक्रय पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

# थाने में रिपोर्ट बदलने का आरोप, एसपी से निष्पक्ष जांच की मांग




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना कोतवाली सिवनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए एफसीआई रोड, कस्तूरबा वार्ड निवासी परसराम सनोडिया ने पुलिस अधीक्षक सिवनी को लिखित शिकायत सौंपकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।
शिकायत में परसराम सनोडिया ने आरोप लगाया है कि 27 मई 2026 को ग्राम खैरीटेक स्थित उनकी चाय-नाश्ते की दुकान पर जितेन्द्र सनोडिया ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी तथा उनके पास रखा मोबाइल फोन और गल्ले में रखे 7,000 रुपये छीनकर ले गया। घटना के प्रत्यक्षदर्शी के रूप में रामलाल भलावी और दशरथ राठौर का भी उल्लेख किया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उन्होंने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई, तो पुलिस ने उनकी मूल शिकायत में दर्ज मोबाइल और नकदी छीनने जैसी महत्वपूर्ण बातों को हटाकर अपनी ओर से अलग रिपोर्ट दर्ज कर दी। दर्ज रिपोर्ट में केवल मारपीट का उल्लेख किया गया, जबकि मोबाइल और नकदी ले जाने की बात शामिल नहीं की गई।
परसराम सनोडिया ने यह भी आरोप लगाया कि रिपोर्ट में बदलाव के कारण पुलिस ने कथित रूप से मोबाइल और नकदी की जब्ती नहीं बनाई। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने न्यायालय में मोबाइल और राशि के संबंध में सुपुर्दगी आवेदन प्रस्तुत किया, तब उन्हें जानकारी दी गई कि संबंधित वस्तुओं की जब्ती ही नहीं बनाई गई है। शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट में कथित बदलाव की जिम्मेदारी तय करने तथा दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करने की मांग की है।

# प्रशांत के बाद अब पिलखत्रा भारत गैस एजेंसी की मनमानी; दफ्तर बुलाकर केवाईसी कराया, सिलेंडर के लिए 7 किमी दूर गोदाम भेजा!


होम डिलीवरी का नियम कागजों में, जमीन पर भटकने को मजबूर जनता; क्या पिलखत्रा एजेंसी की तानाशाही पर नकेल कसेगा जिला प्रशासन?

सिवनी में एलपीजी डिलीवरी का बड़ा खेल- 1060 रुपये देने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं पहुंच रहीं गाड़ियां, उज्जवला-सामान्य उपभोक्ता परेशान!

**दैनिक हरिभूमि - विशेष समाचार रिपोर्ट**
प्रशांत के बाद अब पिलखत्रा भारत गैस एजेंसी की तानाशाही: 1060 रु. देने के बाद भी 7 किमी दूर मानेगांव गोदाम भटक रहे उपभोक्ता,ग्रामीण इलाकों में महीनों से बंद हैं सप्लाई गाड़ियां; दैनिक हरिभूमि की पड़ताल में खुली होम डिलीवरी और भाड़े के खेल की पोल
**(विशेष संवाददाता पलारी कैलाश लाहौरी दैनिक हरिभूमि** — सिवनी) जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण अंचलों में एलपीजी गैस एजेंसियों की मनमानी और उपभोक्ता उत्पीडऩ चरम पर पहुंच गया है। प्रशांत गैस एजेंसी के बहुचर्चित मामले के बाद अब बाहुबली चौक स्थित मेसर्स पिलखत्रा भारत गैस एजेंसी की गंभीर लापरवाही और तानाशाही उजागर हुई है। सामान्य कनेक्शन धारक हों या केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थी, हर कोई इस एजेंसी के रवैये से त्रस्त है।

### केवाईसी के नाम पर दफ्तर के चक्कर, सिलेंडर के लिए गोदाम का रास्ता

जिले के दूर-दराज गांवों से आने वाले उपभोक्ताओं को केवाईसी और मोबाइल नंबर अपडेट कराने के नाम पर शहर स्थित दफ्तर बुलाया जाता है। लेकिन जब उपभोक्ता सिलेंडर मांगने पहुंचते हैं, तो दफ्तर से उन्हें साफ टालते हुए 6 से 7 किलोमीटर दूर मानेगांव स्थित गोदाम भेज दिया जाता है। संसाधनों के अभाव में ग्रामीण 1060 रुपये से अधिक का भुगतान करने के बाद भी सिर पर सिलेंडर ढोने या गाड़ियों का




भारी किराया देने को मजबूर हैं।

### ग्राउंड ज़ीरो पर खुली पोल: 2-3 महीनों से गाड़ियां बंद

दैनिक हरिभूमि की टीम द्वारा 21 जुलाई को किए गए ऑन-द-स्पॉट मुआयने में उपभोक्ताओं का दर्द छलक पड़ा। ग्राम फुलारा से आए राम डोंगरे और मारबोड़ी निवासी संतोष सतनामी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 2 से 3 महीनों से उनके गांव में गैस डिलीवरी की गाड़ियाँ भेजी ही नहीं जा रही हैं। जब इस अव्यवस्था पर एजेंसी के कर्मचारी मयंक कुमार राजपूत से तीखे सवाल पूछे गए, तो वे कलेक्टर द्वारा निर्धारित भाड़े और 966 रुपये की मूल कीमत का गणित समझाते नजर आए। कर्मचारियों का दावा है कि दूरी के हिसाब से 22 से 55 रुपये तक का भाड़ा अतिरिक्त लिया जाता है।

### होम डिलीवरी और भाड़े का बड़ा झोल

नियमों के मुताबिक, गैस एजेंसियों को अपने निर्धारित कार्यक्षेत्र में उपभोक्ताओं के घर तक या गांव के निर्धारित पॉइंट तक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति करना अनिवार्य है। लेकिन पिलखत्रा गैस एजेंसी द्वारा गाड़ियों का परिचालन बंद कर सीधे गोदाम से सिलेंडर उठाने पर मजबूर किया जा रहा है। सवाल यह उठता है कि जब उपभोक्ता खुद 7 किलोमीटर दूर गोदाम जाकर सिलेंडर ला रहा है, तो उससे होम डिलीवरी और परिवहन के नाम पर निर्धारित दरों का लाभ किसे मिल रहा है?

### हरिभूमि के तीखे सवाल (प्रशासनिक कटघरे में) खाद्य विभाग मौन क्यों?

क्या सिवनी जिला प्रशासन और खाद्य आपूर्ति विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में गाड़ियां न चलने की जानकारी नहीं है, या जानबूझकर आंखें मूंदी गई हैं?
कागजी गाड़ियों का सच: क्या कागजों में ग्रामीण रूटों पर गाड़ियां दौड़ रही हैं और धरातल पर जनता पिस रही है?
उज्जवला योजना का अनादर: प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गरीब परिवारों को राहत देने का दावा किया गया था, लेकिन 6-7 किमी दूर भटकवाने से योजना के उद्देश्यों पर पानी फिर रहा है।
दैनिक हरिभूमि जिला कलेक्टर एवं नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग से मांग करता है कि मेसर्स पिलखत्रा भारत गैस एजेंसी के वितरण रजिस्टर, रूट चार्ट और भाड़ा वसूली की निष्पक्ष जांच कराई जाए एवं दोषी एजेंसी पर दंडात्मक कार्रवाई कर ग्रामीण रूटों पर नियमित गाड़ी परिचालन बहाल कराया जाए।

# भारी बारिश के बावजूद नागरिकों का लोकतांत्रिक मार्च सफलतापूर्वक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



सिवनी के विभिन्न व्यवसायों से जुड़े नागरिकों, शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों, विद्यार्थियों, अधिवक्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आज दिनांक 22 जुलाई 2026 (बुधवार) को भारी बारिश के बावजूद लोकतांत्रिक मूल्यों और नीट पेपर लीक मुद्दे पर जंतर मंतर पर चल रहे प्रदर्श के समर्थन मे एक विशाल रैली एवं शांतिपूर्ण नागरिक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत 11.30 बजे होनी थी परंतु बारिश की वजह से इसे 12.30 बजे नगरपालिका चौराहा से हुआ। रैली शुक्रवारी चौक, मिशन स्कूल एवं रानी दुर्गावती चौक से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जहां शांतिपूर्वक नारों के साथ इसका समापन किया गया। लगातार हो रही तेज बारिश के बावजूद नागरिकों का उत्साह कम नहीं हुआ और 100 से अधिक नागरिकों जिसमे महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ मार्च में भाग लेकर लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने सरकार का ध्यान विभिन्न राष्ट्रीय एवं शैक्षणिक मुद्दों की ओर आकर्षित करते हुए वहाँ उपस्थित उम्र मे सबसे छोटे साथियों ऋद्धिम मिश्र और ओमीशा मिश्र द्वारा अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रमुख मांगों में एनटीए को समाप्त कर नई संवैधानिक एवं पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था का निर्माण, शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग, आंदोलन में घायल छात्रों को उचित मुआवजा, तथा लाठीचार्ज के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई शामिल थीं। आयोजकों ने कहा कि प्रतिकूल मौसम के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में नागरिकों और युवाओं की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि सिवनी की जनता लोकतांत्रिक मूल्यों, शिक्षा और जनहित के मुद्दों के प्रति सजग एवं प्रतिबद्ध है। समूह की ओर से सभी प्रतिभागियों, नागरिकों, युवाओं, शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया और कहा गया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए जनभागीदारी और शांतिपूर्ण संवाद निरंतर जारी रहेगा।

# जनपद भवन की नींव में ही सवालों का अंबार!

## जनपद भवन की नींव में ही सवालों का अंबार! तीन महीने से ठेकेदार की मनमानी का आरोप,

### साइन बोर्ड गायब—जनता के सरकारी बोर पर कब्जे की चर्चा, गुणवत्ता पर गंभीर सवाल

घंसौर में सरकारी धन से बन रहा भवन या जल्दबाजी में खड़ा किया जा रहा सवालों का ढांचा? घंसौर / ग्राम पंचायतों वाले जनपद पंचायत घंसौर के लिए 5 करोड़ 25 लाख रुपए की भारी-भरकम लागत से बन रहा नया जनपद पंचायत भवन निर्माण शुरू होने के साथ ही सवालों के घेरे में आ गया है। निर्माण कार्य को लगभग तीन माह बीतने को हैं, लेकिन निर्माण स्थल पर आज तक साइन बोर्ड तक नहीं लगाया गया। करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले सरकारी भवन में पारदर्शिता का यह हाल है कि जनता को यह तक स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रहा कि निर्माण एजेंसी कौन है, ठेकेदार कौन है, कार्य की समयसीमा क्या है और निर्माण की जिम्मेदारी किसके कंधों पर है।
**साइन बोर्ड गायब—क्या छिपाना चाहता है**



**निर्माण तंत्र?**-सरकारी निर्माण कार्यों में साइन बोर्ड महज औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता के प्रति जवाबदेही का सार्वजनिक प्रमाण होता है। लेकिन यहां तीन माह बाद भी बोर्ड का अता-पता नहीं है। सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारियों ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया? यदि किया तो साइन बोर्ड नहीं लगाने वाले ठेकेदार पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? और यदि निरीक्षण ही नहीं हुआ तो करोड़ों रुपए के इस निर्माण की निगरानी आखिर कौन कर रहा है?
सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार शुरुआत में निर्माण कार्य के लिए टैंकर से पानी मंगाया गया, लेकिन बाद में कथित रूप से आमजनों के उपयोग के लिए बनाए गए शासकीय बोर में मशीन डालकर निर्माण कार्य के लिए पानी का उपयोग किया जाने लगा। यदि यह आरोप सही है तो यह बेहद गंभीर मामला है। जनता के लिए बनाए गए सरकारी जलस्रोत पर किसी ठेकेदार का कब्जा कैसे हो सकता है? क्या इसकी अनुमति ली गई? यदि अनुमति ली गई तो किस अधिकारी ने दी? और यदि अनुमति नहीं ली गई तो सरकारी संसाधन के इस कथित उपयोग पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? स्थानीय स्तर पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर लगातार चर्चाएं चल रही हैं। आरोप है कि कार्य को गुणवत्ता के बजाय जल्दबाजी में आगे बढ़ाया जा रहा है। पहले पिलर खड़े किए जा रहे हैं और बाद में दीवारों का निर्माण किया जा रहा है। बारिश के दौरान भी निर्माण कार्य जारी रखने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

